BIHAR BOARD QUESTION PAPER

INTERMEDIATE EXAMINATION - 2018

इंटरमीडिएट परीक्षा - 2018

(ANNUAL / वार्षिक)

MUSIC

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 70

खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 15 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें।

1. धमार ताल में कितनी मात्राएं होती हैं ?

(a) 10

(b) 12

(c) 14

(d) 16

2. छोटा स्वर समुदाय जिससे राग की पहचान होती है, क्या कहलाता है ?

(a) आरोह

(b) अवरोह

(c) पकड़

(d) जाति

3. हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में विकृत स्वरों की संख्या कितनी है ?

(a) 3

(b) 4

(c) 5

(d) 6

4. राग भैरव किस जाति का राग है ?

(a) औड़व-सम्पूर्ण

(b) षाड़व-सम्पूर्ण

(c) सम्पूर्ण-सम्पूर्ण

(d) औड़व-षाड़व

5. राग केदार किस घाट का राग है ?

(a) खमाज

(b) कल्याण

(c) आसावरी

(d) भैरवी

6. रूपक ताल में कितने विभाग होते हैं ?

(a) दो

(b) तीन

(c) चार

(d) पाँच

7. एक ताल में कितनी तालियाँ होती है ?

(a) दो

(b) चार

(c) छः

(d) आठ

8. गांधर्व महाविद्यालय की स्थापना किसने की ?

(a) पं. विष्णु दिगम्बर पलुस्कर

(b) पं. वी. एन. भातखण्डे

(c) पं. पन्नालाल घोष

(d) पं. ओंकारनाथ ठाकुर

9. उस्ताद फैय्याज खाँ किस घराने के गायक हुए ?

(a) पटियाला घराना

(b) किराना घराना

(c) ग्वालियर घराना

(d) आगरा घराना

10. राग मालकौंस में कौन से दो स्वर नहीं लगते है ?

(a) गांधार एवं निषाद

(b) गांधार एवं धैवत

(c) ऋषभ एवं पंचम

(d) मध्यम एवं पंचक

11. स्वरों के उतरते क्रम को क्या कहते हैं ?

(a) आरोह

(b) अवरोह

(c) कोमल

(d) शुद्ध

12. मियाँ तानसेन किस राजा के दरबारी गायक थे ?

(a) सम्राट बाबर

(b) सम्राट अकबर

(c) चन्द्रगुप्त

(d) सम्राट अशोक

13. आसावरी थाट के अन्तर्गत कौन-सा राग आता है ?

(a) जौनपुरी

(b) यमन

(c) अल्हैया बिलावल

(d) देस

14. राग में नहीं लगने वाले स्वर को क्या कहते हैं ?

(a) वादी

(b) संवादी

(c) वर्जित

(d) अनुवादी

15. राग यमन.....थाट से उत्पन्न हुआ है।

(a) कल्याण

(b) भैरव

(c) काफी

(d) तोड़ी

खण्ड-ब (गैर-वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 10 तक सभी लघु उत्तरीय कोटि के प्रश्न हैं। इस कोटि के प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। आप किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर दें।

1. पाठ्यक्रम में दिए गए किसी राग में द्रुत ख्याल की स्थायी स्वरलिपिबद्ध लिखें।
2. खटका एवं मुर्की की परिभाषा लिखें।
3. ख्याल किसे कहते हैं? इसके प्रकारों की चर्चा करें।
4. एकताल अथवा चारताल का ठेका, ठाह एवं दुगुन लयकारियों में लिखें।
5. तराना अथवा ध्रुपद शैली पर प्रकाश डालें। https://www.bsebstudy.com
6. राग केदार अथवा बिहाग का परिचय दें।
7. वादी स्वर क्या है? सोदाहरण बताएँ।
8. मूर्च्छना से आप क्या समझते हैं ?
9. स्वर की परिभाषा एवं प्रकार बताएँ।
10. आलाप एवं तान में क्या अन्तर है? अपने विचार दें।

प्रश्न संख्या 11 और 12 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। आप किसी 1 प्रश्न का उत्तर दें।

11. नाद की परिभाषा, उसके प्रकार एवं विशेषताओं पर प्रकाश डालें।
12. उस्ताद फैय्याज खाँ अथवा उस्ताद बड़े गुलाम अली खाँ का जीवन वृत लिखें।